समाचार वाचकों और हिंदी अनुवादकों की निर्धारित हेतु दुबारा परीक्षा आयोजित करना

2651. **श्री गया सिंह :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी, नई दिल्ली द्वारा करीब दो वर्ष के बाद नैमित्तिक आधार पर समाचार वाचक अनुवादकों (हिन्दी) के चयन हेतु परीक्षा 21 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या संबंधित अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उपर्युक्त तिथि को उत्तर प्रदेश में विधान सभा का दूसरे चरण का मतदान भी था ;

(ग) यदि हां, तो किसी दूसरी तिथि की उपर्युक्त परीक्षा आयोजित न कराने के क्या कारण हैं और उनका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार उन लगभग 40-50 प्रतिशत अभ्यार्थियों के लिए दुबारा परीक्षा आयोजित करने का विचार रखती है जो उपर्युक्त परीक्षा में चुनावों के कारण नहीं बैठ पाए थे ; यदि हां, तो कब तक और उसका ब्यौरा क्या है ;

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के.पी.सिंह देव) (क) जी, हां।

(ख) और (ग) : दिल्ली से बाहर रहने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए नहीं बुलाया गया था, क्योंकि आकाशवाणी, नई दिल्ली के समाचार-सेवा प्रभाग को आकस्मिक बुकिंग के लिए पैनल तैयार करना था। इस प्रकार नई दिल्ली में परीक्षा आयोजित करने में, उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनावों की तिथि का कोई प्रभाव नहीं पड़ा था।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

पटना दूरदर्शन केन्द्र के प्रस्तावित मैट्रो चेनल में विलम्ब

2652. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पटना (बिहार) में दूरदर्शन द्वारा मैट्रो चैनल पर दिखाए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूप रेखा अभी तक तैयार नहीं हुई है ;

(ख) क्या यह सच है कि अति वांछनीय "मैट्रो चैनल" के शुभारंभ में अनुसूचित विलम्ब हो रहा है ;

(ग) क्या यह सच है कि बिहार राज्य को "मैट्रो चैनल" द्वारा संभावित प्राप्त आय से वंचित रखकर उसके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार बिहार राज्य से संबंधित मैट्रो चैनल विषयक नीति को कब तक लागू करने का विचार रखती है ; और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) से (ग) जी, नहीं ।

(घ) मैट्रो चैनल कार्यक्रमों को रिले करने के लिए दूरदर्शन केन्द्र, पटना में एक अल्प शक्ति टी.वी. ट्रांसमीटर स्थापित करने की अनुमोदित स्कीम है। इस ट्रांसमीटर की सेवा के लिए चालू करने में लगभग 2 वर्ष लगेंगे।

अर्थव प्रसारण केन्द्र

2653. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत दिनों श्रीनगर में हजरतबल दरगाह और महर्षि योगी के आश्रम में रिले अर्थ स्टेशन पाए गए ;

(ख) यदि हां, तो क्या इन अर्थ स्टेशनों को सूचनाएं प्रसारित करने की अनुमति दी गई थी ;